**प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के सफल कार्यान्वयन हेतु मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में गठित "राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं अनुश्रवण समिति State Level Sanctioning and Monitoring Committee (SLSMC) की 14वीं बैठक की कार्यवाही।**

---

अनुपस्थिति– संलग्न।

सर्वप्रथम मुख्य सचिव–सह–अध्यक्ष के द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया।

सचिव द्वारा विषय प्रवेश कराते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) (PMAY-U) के तृतीय घटक–"भागीदारी में किफायती आवास" (AHP) के तहत निर्मित DPRs की विस्तृत जानकारी दी गयी, तत्पश्चात् सदस्यगण द्वारा बैठक की कार्यावली पर विस्तार से बिन्दुवार विमर्श किया गया। विचार–विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा योजना के कार्यान्वयन हेतु निम्नलिखित निर्णय लिए गए :–

**<u>प्रस्ताव सं०–1</u>**

(क) गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गई।

(ख) गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन पर समिति के द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**<u>प्रस्ताव सं०–2</u>**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक "भागीदारी में किफायती आवास का निर्माण" अन्तर्गत धनबाद नगर निगम क्षेत्राधीन होरलाडीह क्षेत्र के अन्दर कुल 1500 आवासों का निर्माण एवं देवघर नगर निगम क्षेत्राधीन 665 आवासों यानी कुल 2165 आवासों के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPRs) JUIDCO Ltd. से प्राप्त हुई है। दोनों DPRs पर मुख्य अभियंता, तकनीकी कोषांग, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा तकनीकी अनुमोदन प्रदान की गयी एवं State Level Appraisal Committee (SLAC) का अनुमोदन प्राप्त है।

प्रस्तावित परियोजनओं अंतर्गत आवासों के निर्माण हेतु केन्द्रीय सहायता राशि 1.5 लाख रूपये प्रति आवास होगी, राज्यांश की राशि 1 लाख रूपये प्रति आवास तथा शेष लाभुक अंशदान होगा। योजनाओं की कुल तकनीकी अनुमोदित राशि 153,45,47,000/- (एक सौ तिरपन करोड़ पैंतालीस लाख सैंतालीस हजार रूपये) मात्र है, जिस पर मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग की अधिसूचना संख्या–301, दि०–11.03.2015 के आलोक में समिति द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव है। परियोजना विवरणी निम्नवत् है:–

| S. No. | Name of ULBs | Project Location | Model | No. of DUs | Total Project cost (In Lakh) | GoI Share @ Rs.1.5 Lakhs | State Share@ 1.0 Lakh | Community Centre |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Dhanbad | Horladih | G+3 | 1500 | 10252.78 | 2250.00 | 1500.00 | Outside |
| 2. | Deoghar | Mohanpur | G+6 | 665 | 5092.69 | 997.50 | 665.00 | Outside |
| | Total | | | **2165** | **15345.47** | **3247.50** | **2165.00** | |

Scanned by CamScanner

समिति द्वारा विचारोपरांत उपर्युक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी।

भारत सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र (7B) पर वांछित सूचना के साथ–साथ निकायवार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPRs) भारत सरकार को उपलब्ध कराये जाने पर समिति का अनुमोदन दिया गया।

राँची नगर निगम क्षेत्राधीन Smart City क्षेत्र के अंदर कुल 1,185 आवासों के निर्माण के लिए कुल परियोजना लागत रु० 104.40 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया। समिति द्वारा विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया कि Smart City क्षेत्र में EWS के अलावा LIG, MIG तथा HIG आवासों के निर्माण पर भी विचार किया जाए।

671/22/04/19

**प्रस्ताव सं०–3**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक "भागीदारी में किफायती आवास" अंतर्गत राज्य के विभिन्न निकायों के परियोजनाओं (G+4 प्रारूप में) के तहत कुल 18,660 आवासों के निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार की 28वीं बैठक दि०–27.12.2017, 29वीं बैठक दिनांक–27.12.2017 एवं 34वीं बैठक दिनांक–30.05.2018 में दी गई थी।

योजना के क्रियान्वयन हेतु विभागीय संकल्प संख्या–5382 दिनांकः–02.11.2018 निर्गत किया गया है। साथ ही, परियोजना अंतर्गत आवासों के निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार भूमि चिन्हित की गई थी, किन्तु उक्त भूमियों के सीमांकन/हस्तांतरण के क्रम में उपलब्ध भूमि में बढोत्तरी/घटोत्तरी हुई है।

फलस्वरूप परियोजनओं के DPRs को संशोधित किया गया है, जिसके अंतर्गत राज्य के विभिन्न निकायों में कुल 26 परियोजनाओं अंतर्गत कुल 16,604 आवासों (G+3/G+6/G+8 प्रारूप में) का निर्माण किया जाना है।

योजनाओं की कुल तकनीकी अनुमोदित राशि 1220,43,50,057/– (बारह सौ बीस करोड़ तैंतालीस लाख पचास हजार सन्तावन रूपये) मात्र है, जिस पर मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग की अधिसूचना संख्या–301 दिनांक–11.03.2015 के आलोक में समिति द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव है। परियोजना विवरणी निम्नवत् है :–

Scanned by CamScanner

| Sl. No | Cluster | ULB | Project Location | पूर्व में G+4 प्रारूप पर स्वीकृत DUs की विवरणी | | | वर्तमान में G+3/ G+6/ G+6 प्रारूप पर प्रस्तावित DUs | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | CSMC No. | DUs Sanctioned | Project Cost (In Rs.) | DUs Proposed | Project Cost (In Rs) | Community Centre |
| 1 | 1 | Bundu | Tangra Toli | 29th | 85 | 8,49,00,000 | 80 | 6,07,50,212.00 | Outside |
| 2 | 1 | Khunti | Jamwadag | 34th | 210 | 20,38,70,000 | 210 | 15,31,48,835.00 | Outside |
| 3 | 1 | Lohardaga | Juriya | 29th | 412 | 34,81,00,000 | 405 | 28,63,76,884.00 | Outside |
| 4 | 1 | Ramgarh | Kaitha | 29th | 170 | 15,99,00,000 | 140 | 10,11,00,075.00 | Outside |
| 5 | 1 | Ranchi | Samlong-905 | 29th | 680 | 55,17,11,000 | 460 | 31,93,79,785.00 | Outside |
| 6 | 1 | Ranchi | Lowadih-758, 759 | 34th | 427 | 42,10,12,000 | 400 | 27,98,25,344.00 | Outside |
| 7 | 1 | Ranchi | Hotwar-832P, 833P | 28th | 560 | 41,43,40,000 | 380 | 26,68,74,128.00 | Outside |
| 8 | 1 | Ranchi | Lowadih-906 | 28th | 460 | 33,90,65,000 | 360 | 25,32,72,495.00 | Outside |
| 9 | 1 | Ranchi | Banhaura-236 | 28th | 345 | 25,47,99,000 | 180 | 13,39,99,805.00 | Outside |
| 10 | 1 | Ranchi | Pandra | 28th | 375 | 27,67,82,000 | 477 | 39,39,79,000.00 | Outside |
| 11 | 1 | Simdega | Saldega | 29th | 520 | 42,15,00,000 | 380 | 26,51,92,094.00 | Outside |
| 12 | 2 | Chas * | Kala Pathar | 29th | 980 | 77,68,00,000 | 640 | 43,99,54,000.00 | Outside |
| 13 | 2 | Giridih | Karhabari | 34th | 200 | 16,54,11,000 | 190 | 13,62,34,000.00 | Outside |
| 14 | 2 | Hazaribagh | Mandaikh urd | 29th | 540 | 40,26,00,000 | 300 | 20,93,75,000.00 | Outside |
| 15 | 2 | Jhumritelaiya | Gumoh | 34th | 80 | 8,28,38,000 | 80 | 5,76,69,000.00 | Outside |
| 16 | 2 | Koderma | Bholakali Plot 4093 | 34th | 90 | 8,29,62,000 | 90 | 6,47,92,000.00 | Outside |
| 17 | 3 | Jamshedpur** | Birsa Nagar | 29th | 10,436 | 770,75,64,000 | 9592 | 727,65,53,900.00 | Outside |
| 18 | 4 | Dumka | Dudhani | 29th | 160 | 10,83,00,000 | 160 | 10,68,55,000.00 | Outside |
| 19 | 4 | Jamtara | Jamtara no. 3 | 29th | 70 | 4,64,00,000 | 40 | 3,09,48,000.00 | Outside |
| 20 | 4 | Madhupur | Nawadih | 29th | 120 | 8,06,00,000 | 120 | 8,02,83,500.00 | Outside |
| 21 | 4 | Mihijam | Kangoi | 29th | 100 | 6,27,00,000 | 300 | 19,48,09,000.00 | Outside |
| 22 | 4 | Mihijam | Butberia | 29th | 300 | 18,81,00,000 | 440 | 28,00,37,000.00 | Outside |
| 23 | 4 | Pakur | Devpur | 34th | 380 | 23,47,50,000 | 360 | 23,41,22,000.00 | Outside |
| 24 | 4 | Sahibganj | Chota Batuna | 29th | 180 | 11,29,00,000 | 180 | 12,12,64,000.00 | Outside |
| 25 | 5 | Garhwa | Sonpurwa | 29th | 360 | 26,43,00,000 | 400 | 28,30,27,000.00 | Outside |
| 26 | 5 | Medininagar | Aghori Ashram | 29th | 420 | 30,45,00,000 | 240 | 17,45,28,000.00 | Outside |
| | | **Total** | | | **18,660** | **1409,67,04,000** | **16,604** | **1220,43,50,057.00** | |

Scanned by CamScanner

***Note:** In 29th CSMC meeting dated 27th December 2017, 980 DUs were approved in 2 projects at 2 locations in Chas. Presently, out of these 2 locations, one project of 640 DUs at Kalapathar, Chas is proposed for revised approval.

****Note:** In 28th CSMC meeting dated 29th November 2017, 10436 DUs were approved in 13 projects at 13 locations in Jamshedpur. There have been changes in approved project locations, on account of non-transfer of some land parcels from district administration.

Presently, out of these 13 locations, one project of 9592 DUs at Birsa Nagar, Jamshedpur is proposed for revised approval. Earlier, at Birsa Nagar, 1009 DUs were sanctioned on 5.0 Acres of land, whereas at present, proposal is for sanction of 9592 DUs on 48.11 acres of land. Revised approval may also be sought on remaining 12 locations depending on actual land transferred by district administration.

समिति द्वारा विचारोपरांत उपर्युक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी।

उपरोक्त के आलोक में संशोधित प्रस्ताव भारत सरकार (CSMC) को भेजने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व लाभुकों से सहमति प्राप्त कर ली जाए।

**प्रस्ताव सं०–4**

उपरोक्त प्रस्ताव संख्या 2 एवं 3 अंतर्गत परियोजनाओं हेतु निर्मित किए जाने वाले सामुदायिक केन्द्र का निर्माण राज्य मद अंतर्गत अलग से योजना तैयार कर नियमानुसार कार्रवाई की जाय। उस पर होने वाला व्यय राज्य योजना के **"शहरी जलापूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सिवरेज एवं ड्रेनेज, नगरीय आधारभूत सरंचनाएँ, आवास आदि शहरी योजनाएँ"** मद में उपबंधित राशि से किया जाएगा। साथ ही JUIDCO agency charge मकान से IMC मद से दी जा निर्णय लिया गया

**प्रस्ताव सं०–5**

भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित Light House Project Challenge under Global Housing Technology Challenge-India (GHTC-I) के तहत नई और उभरती नवाचारी तकनीकों को प्रयोग करते हुए देश के 6 विभिन्न परिक्षेत्रों में मॉडल आवास निर्मित किए जाने हैं। नई और उभरती नवाचारी तकनीकों को अपनाकर बनने वाले उक्त मॉडल आवासों के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि, वित्तीय पोषण, चयन प्रक्रिया आदि के संबंध में समिति को अवगत कराया गया।

उक्त हेतु राँची नगर निगम क्षेत्राधीन बजरा क्षेत्र में 5.77 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जिस पर निर्माण के प्रस्ताव को भारत सरकार को भेजने हेतु समिति का अनुमोदन दिया गया।

विदित हो कि भारत सरकार की 28वीं CSMC बैठक में बजरा क्षेत्राधीन PMAY (U) के तृतीय घटक के तहत आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

Scanned by CamScanner

प्रस्ताव सं०–6

भारत सरकार की 38वीं CSMC बैठक में PMAY(U) के घटक–IV अंतर्गत कुल 33 निकायों में समेकित रूप से 6798 आवासीय इकाई के प्रत्यर्पण की स्वीकृति मिली थी। कालक्रम में कुछ लाभुकों द्वारा वांछित दस्तावेज उपलब्ध करा देने, आपसी भूमि विवाद सुलझ जाने, आदि के कारण निकाय बोर्ड के निर्णयानुसार उन्हें प्रथम किश्त भुगतान किया गया एवं लाभुकों द्वारा कार्य शुरू किया गया। अतः नगर निकायों से प्राप्त प्रतिवदेन के अनुसार वर्त्तमान में 6798 आवासीय इकाई में से अब सिर्फ 6613 आवासीय इकाई का प्रत्यर्पण किया जाना है।

| प्रत्यर्पण (38th CSMC के अनुसार) | संशोधित प्रत्यर्पण |
|---|---|
| परियोजना की संख्या 103<br>कुल आवासीय इकाई 6798 | परियोजनाओं की संख्या 103<br>कुल आवासीय इकाई 6613<br>कुल 103 DPR में से 37 DPRs में संशोधन की आवश्यकता है। शेष 66 DPRs का प्रत्यर्पण 38वीं CSMC के अनुसार किया जा रहा है। संशोधित सूची संलग्न है, (अनुलग्नक–I) |

67/ 24/7/19

उपरोक्त के आलोक में संशोधित प्रत्यर्पण के प्रस्ताव को भारत सरकार (CSMC) को भेजने हेतु समिति का अनुमोदन दिया गया।

प्रस्ताव सं०–7

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई एवं उभरती तकनीक से राज्य में एक Demonstration Housing Project (DHP) का निर्माण Building Material and Technology Promotion Council (BMTPC), भारत सरकार के माध्यम से कराये जाने हेतु डोरण्डा, राँची में 63 आवासों के निर्माण के प्रस्ताव पर दिनांक–03.10.17 को सम्पन्न SLSMC की 7वीं बैठक में अनुमोदन दिया गया था।

भारत सरकार द्वारा DHP के निर्माण हेतु संशोधित मार्गदर्शिका निर्गत की गई है, जिसके मुख्य बिन्दु निम्नवत् है :–

I. DHP का निर्माण शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्राधीन किया जाएगा।

II. DHP के निर्माण के लिए BMTPC Implementing Agency (IA) होगा।

III. प्रति DHP में अधिकतम 40 आवास होंगे।

IV. DHP हेतु राज्य सरकार द्वारा BMTPC को निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाएगी।

V. BMTPC द्वारा DHP अंतर्गत निर्मित आवासों के पूर्ण हो जाने का प्रमाण–पत्र निर्गत कर दिए जाने के पश्चात् उक्त आवासों को BMTPC द्वारा निकाय को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। उक्त आवासों का स्वामित्व/संरक्षण निकाय होगा।

VI. DHP अंतर्गत निर्मित आवासों का आवंटन PMAY(U) के सुपात्र EWS लाभुकों को किया जा सकता है अथवा समाज कल्याण गतिविधि अंतर्गत पूर्व परिभाषित निम्न कार्यो हेतु किराये पर उपयोग किया जा सकता है :–

Scanned by CamScanner

a. रात्रि आश्रय/अनाथालय/वृद्धाश्रम/विधवा आश्रम (परित्यक्त/आवास विहीन महिला)
b. कामकाजी महिला छात्रावास /दिव्यांग छात्रावास /सरकारी खेल छात्रावास
c. उपरोक्त वर्णित सभी/कुछ कंडिकाओं का मिश्रित उपयोग
d. सरकार द्वारा संचालित अन्य सामाजिक गतिविधियों हेतु उपयोग

DHP अंतर्गत PMAY(U) के लाभुकों के लिए आवासों के निर्माण किए जाने की स्थिति में निर्माण पर होने वाले व्यय का वहन केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं लाभुक द्वारा तृतीय घटक के नियमानुसार किया जाएगा।

समिति को बताया गया कि यदि DHP अंतर्गत निर्मित किए गये आवासों का उपयोग उपरोक्त वर्णित कंडिका–VI (a से d) के लिए किया जाएगा, तब उक्त स्थिति में निर्माण पर होने वाले पूरे व्यय का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

अतः उक्त के आलोक में Demonstration Housing Project (DHP) अंतर्गत रात्रि आश्रय का निर्माण करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए नगर निगम, राँची क्षेत्र अंतर्गत बूटी मोड राँची स्थित थाना न0 181 खाता नं0 140 प्लॉट न0 2704 में 10 डिसमील भूमि चिन्हित की गई है। इस पर भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने हेतु समिति का अनुमोदन दिया गया।

671
27/2/19

**प्रस्ताव सं०–8**

PMAY(U) अंतर्गत निर्मित आवासों के आवंटन प्रक्रिया से संबंधित निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई :

- आवासों का आवंटन ***"प्रथम आयें प्रथम पायें"*** की पद्धति के अनुसार
- आवासों की आरक्षण Roster
- बैंकों के साथ समन्वय

उक्त के आलोक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत अन्य राज्यों की आवंटन प्रक्रिया का अध्ययन करते हुए Standard Operating Procedure (SOP) तैयार किया जाए।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई सम्पन्न की गई।

(सुधीर त्रिपाठी)
सरकार के मुख्य सचिव।

**ज्ञापांकः–07/न०प्र०नि०/PMAY(HFA)/01/2015**...671...**राँची/दिनांकः**...27/2/19

**प्रतिलिपिः–** मुख्य सचिव, झारखण्ड के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान आप्त सचिव/बैठक में उपस्थित सभी सदस्यगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/02/19
for सरकार के सचिव।

Scanned by CamScanner

**Annexure-I**

| ULB wise surrender status under PMAY (U)- Vertical-IV: Beneficiary Led Construction | | |
|---|---|---|
| **ULB** | **No. of DUs Surrendred (as per 38th CSMC)** | **Proposed No. of Surrendred DUs (Revised)** |
| Adityapur | 263 | 179 |
| Bishrampur | 14 | 14 |
| Bundu | 91 | 91 |
| Chaibasa | 417 | 417 |
| Chakardharpur | 20 | 50 |
| Chakuliya | 20 | 20 |
| Chas | 1355 | 1355 |
| Chatra | 20 | 20 |
| Chirkunda | 11 | 11 |
| Deoghar | 25 | 25 |
| Dhanbad | 129 | 129 |
| Dumka | 20 | 19 |
| Garwha | 196 | 192 |
| Giridih | 94 | 82 |
| Hazaribagh | 483 | 483 |
| Hussainabad | 4 | 4 |
| Jamshedpur | | 91 |
| Jamtara | 54 | 54 |
| Jhumritiliya | 280 | 280 |
| Jugsalai | 5 | 5 |
| Khunti | 281 | 281 |
| koderma | 289 | 289 |
| Madhupur | 154 | 154 |
| Majhiaon | 129 | 10 |
| Mango | 62 | 55 |
| Medininagar | 813 | 746 |
| Mihijam | 200 | 189 |
| Pakur | 49 | 49 |
| Phusro | 23 | 23 |
| Rajmahal | 12 | 12 |
| Ramgarh | 20 | 20 |
| Ranchi | 801 | 801 |
| Sahibganj | 447 | 447 |
| Seraikela | 17 | 16 |
| **Total** | **6798** | **6613** |

67
22/2/19

Scanned by CamScanner